भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

लोक सभा प्रश्न संख्या 4294
29 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए

कोविड के कारण मत्स्य निर्यात को हानि

4294. श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान कोविड के कारण तेलंगाना राज्य के मत्स्य निर्यात (देश के भीतर और बाहर) को कितना नुकसान हुआ है;
(ख) तेलंगाना में कोविड प्रेरित प्रतिबंध के कारण प्रभावित मत्स्य किसानों की संख्या कितनी है;
(ग) क्या सरकार ने इस क्षेत्र में शीघ्र सुधार के लिए सहयोग करने हेतु कोई योजना शुरु की है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री:

(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क): वर्ष 2020-2021 के दौरान कोविड महामारी के बीच उड़ान प्रतिबंधों के कारण, तेलंगाना सरकार द्वारा भारत से निर्यात की जाने वाली मछलियों की मात्रा में मामूली कमी की सूचना दी गई है। इसके अलावा, तेलंगाना सरकार ने यह भी बताया कि देश के भीतर मछली की आपूर्ति न होने के कारण मछुआरों/मत्स्य किसानों को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

(ख): जैसा कि तेलंगाना सरकार द्वारा सूचित किया गया था, तेलंगाना में कोविड प्रेरित प्रतिबंधों के कारण कोई भी मत्स्य किसान प्रभावित नहीं हुआ था।

(ग) और (घ): भारत सरकार ने इस क्षेत्र को बीज और चारा जैसे इनपुट की निर्बाध आपूर्ति की सुविधा के लिए और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई तत्काल राहत उपायों की घोषणा करके कोविड-19 संकट के प्रभाव को कम करने के लिए तुरंत हस्तक्षेप किया। मछुआरों, मत्स्य किसानों और मत्स्य व्यापारियों के समक्ष आने वाली कठिनाई को कम करने के लिए, भारत सरकार ने मत्स्यन और जलीय कृषि उद्योग के निर्बाध संचालन की अनुमति दी, जिसमें फीडिंग, रखरखाव और फार्म हार्वेस्टिंग, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, कोल्ड चेन, बिक्री और विपणन, हैचरी, चारा संयंत्र, वाणिज्यिक एक्वेरिया और इनपुट, मछली/झींगा, मत्स्य उत्पादों और श्रमिकों की आवाजाही शामिल है। इसके अलावा, गृह मंत्रालय के 10 अप्रेल, 2020 के दिशा-निर्देशों में (समुद्री) / जलीय कृषि उद्योग के संचालन की भी अनुमति दी गई जिसमें फीडिंग और रखरखाव, हार्वेस्टिंग, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, कोल्ड चेन, बिक्री और विपणन, हैचरी, फीड प्लांट, वाणिज्यिक एक्वेरिया, मछली / झींगा और मत्स्य उत्पादों, बीज/चारा/श्रमिक की आवाजाही शामिल है। इसके अलावा, मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने आत्मनिर्भर भारत पैकेज के एक हिस्से के रूप में सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में वित्त वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक 05 वर्ष की अवधि के लिए 20,050 करोड़ रुपये के सर्वाधिक निवेश से प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) नामक एक प्रमुख योजना प्रारंभ की है। सरकार के सभी प्रयासों के परिणामस्वरूप मत्स्यपालन क्षेत्र पर कोविड महामारी का प्रभाव कम हुआ है।

*****